# श्याम है हर बातें सुनता | By Ushann Das

अरे कोई तो देदो मुझको उनका पता
जिसकी श्याम है हर बातें सुनता
है मुझको उनसे मिलना
उनसे उनको है बुलवाना
के भक्त है एक ऐसा भी तेरा
जिसे है लगता तू ना उसकी सुनता
करता हर दम तेरी वो पूजा
ना है जग में उसका कोई दूजा
अरे कोई तो देदो मुझको उनका पता
जिसकी श्याम है हर बातें सुनता

विनती है एक और मेरी
बाबा श्याम को है सुनवानी
करदे नज़र एक बार मुझ पर
चाहे हो वो अनदेखन वाली
कहना उनको भजता वो तुझको
पर समझता वो तुच्छ प्राणी खुद को

कहना विश्वास है तुझ पर इतना
पर फिर भी नहीं तू है उसकी सुनता
ताकता रहता तुझको हर वक़्त
बसाये रखता दिल में है तेरी मूरत
करदे बाबा तू पूरी उसकी मुराद
रख देना तू श्याम सर पे अपना हाथ
अरे कोई तो देदो मुझको उनका पता
जिसकी श्याम है हर बातें सुनता

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-ushann-das/